हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़



# तेज गर्मी ने बदला पैसेंजरों का शेड्यूल, सुबह-शाम वाली फ्लाइट की डिमांड ज्यादा, फेयर भी चढ़ा हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

तेज गर्मी की शुरुआत होने के साथ विमानों में आवाजाही करने वाले यात्रियों ने भी अपने शेड्यूल में बदलाव करना शुरू कर दिया है। सफर प्रारंभ होने के दोपहर में गंतव्य तक पहुंचने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या के साथ किराया भी कम है। वहीं सुबह-शाम की फ्लाइट के टिकट की डिमांड के साथ फेयर ज्यादा है।

ट्रैवल्स सूत्रों के अनुसार दोपहर में संचालित होने वाली फ्लाइट में यात्रा करने के लिए पैसेंजरों को तेज गर्मी के बीच एयरपोर्ट पहुंचने और लैंडिंग के बाद अपने ठिकाने तक पहुंचने के लिए असहजता होती है। इसीलिए ज्यादातर लोग सुबह अथवा शाम में संचालित होने वाली फ्लाइट में सफर करना सुविधाजनक मानते है। इसकी वजह से स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से सुबह-सुबह और दोपहर बाद की फ्लाइट के टिकटों की मांग अधिक हो गई है। डिमांड बढ़ने की वजह से फ्लेक्सिबल रूल्स के तहत सुबह-शाम की फ्लाइट का फेयर दोपहर की उड़ान की तुलना में ज्यादा है।

खासकर सुबह 11 बजे तक टेकऑफ होने वाली फ्लाइट और उसके बाद शाम चार-पांच बजे के बाद उड़ान भरने वाले विमानों में यात्रियों की संख्या अपेक्षाकृत ज्यादा है। यात्रियों की उपस्थिति अधिक होने वाले टाइमिंग के दौरान एयरपोर्ट प्रबंधन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था के साथ अन्य स्टाफ की संख्या भी बढ़ाकर रखती है। अपने सफर की शुरुआत करने वाले यात्री घंटेभर पहले विमानतल पहुंचते हैं। यहां शाम के वक्त विभिन्न शहरों से आने और जाने वाले आठ फ्लाइटों के बीच का अंतराल दस से बीस मिनट के बीच का होता है।

## दोपहर में लैंड होने वाली फ्लाइट में यात्रियों की संख्या के साथ किराया भी कम

### ऐसा है टिकट की कीमतों में अंतर

ट्रैवल्स सूत्रों के मुताबिक रायपुर से उड़कर मुंबई में दोपहर 12.15 बजे लैंड होने वाली फ्लाइट का फेयर करीब 10 हजार है जबकि सुबह और शाम में वहां पहुंचने वाली फ्लाइट का किराया 12 से 16 हजार के बीच है। रायपुर से दिल्ली पहुंचने सुबह साढ़े 11 बजे की फ्लाइट का फेयर 14 हजार के करीब है वहीं सुबह शाम को वहां लैंड होने वाले एयरक्राफ्ट का फेयर 16 हजार के आसपास है। हैदराबाद में दोपहर साढ़े 12 एवं 3.55 बजे पहुंचने वाली फ्लाइट का फेयर रविवार को करीब 7 हजार है वहीं सुबह 11 एवं 10.50 को उतरने वाली फ्लाइट का किराया 8 हजार से ज्यादा है।



### कोलकाता फ्लाइट में भी

बंगाल में दूसरे चरण में 29 अप्रैल को होने वाले मतदान का असर रायपुर से रवाना होने वाली फ्लाइट पर भी पड़ा है। रविवार को संचालित होने वाली तीन में से एकमात्र फ्लाइट में सीटें बाकी है जिसका फेयर में 16 हजार के करीब है। वहीं अगले दो दिन की फ्लाइट का किराया भी सामान्य दिनों की तुलना में अधिक है। इसके पहले प्रथम चरण में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान के पहले भी फ्लाइट किराया सामान्य से ज्यादा था। दूसरी ओर वहां के वापसी का फेयर अभी आठ से नौ हजार के बीच है।

## खबर संक्षेप

### जल जीवन मिशन में सारा गोलमाल कांग्रेस का किया-धरा : दीपक

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा है कि जल-जीवन मिशन को लेकर कांग्रेस यदि संवेदनशील होती तो प्रदेश में जल आपूर्ति की तस्वीर कुछ और होती, लेकिन कांग्रेस ने जल जीवन मिशन को गंभीरता से नहीं लिया और अब इस मसले पर कांग्रेस भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल सरकार ने जल-जीवन मिशन शिकायत को लेकर तीन सदस्यीय टीम का गठन किया गया था, लेकिन तब भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालात तब गंभीर हो गए, जब इस मामले में स्वतः न्यायालय को संज्ञान लेना पड़ा। श्री दीपक ने कहा कि प्रदेश में अब तक 1084 ठेकेदारों को नोटिस दिया गया है। साथ ही अनुबंधों को निरस्त किया गया है। अमानक कार्यों के चलते कांग्रेस के शासनकाल में जल-जीवन मिशन प्रभावित हआ है।

### मुख्यमंत्री से सांसद शर्मा ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से शनिवार को राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में लोकसभा सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री शर्मा का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें शॉल एवं बस्तर आर्ट की आकर्षक प्रतिकृति भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उनके बीच विभिन्न समसामयिक विषयों पर चर्चा हुई।

### ईडी ने डबल इंजन की सरकार की विफलता को उजागर किया : कांग्रेस

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, विदेशी धन के मामले पर ईडी की कार्रवाई डबल इंजन की सरकार की विफलता को उजागर करती है। ईडी ने विदेशी धन के भारत में ट्रांसफर को लेकर दावा किया है कि पिछले दो सालों में 2025-26 के दौरान भारत में विदेश से 95 करोड़ रुपए आये हैं। इसमें से 6 करोड़ छत्तीसगढ़ में निकाले गये हैं। पिछले दो सालों से विदेश से धन भारत आ रहा और उसका उपयोग विभिन्न गैर कानूनी गतिविधियों में हो रहा था, तो केंद्र और राज्य की सरकारें दो सालों में क्या कर रही थीं? उन्होंने कहा, भाजपा इस फंडिंग को धर्मांतरण से जोड़ रही है, लेकिन इसका उपयोग यदि नक्सली और आतंकी गतिविधियों में नहीं हुआ होगा, इसकी क्या गारंटी है?

# निगम ने बढ़ाया प्रदर्शन शुल्क, बड़े कार्यक्रम पर अतिरिक्त भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत निजी और शासकीय भूमि पर मीना बाजार, आनंद मेला और व्यापार मेला लगाने के लिए लगने वाले प्रदर्शन शुल्क में बढ़ोतरी की गई है। प्रति 10 हजार वर्गफीट तक जगह का व्यावसायिक उपयोग करने पर प्रतिदिन के हिसाब से 500 रुपए शुल्क लगेगा।




- सरकारी प्रदर्शनी व सरकारी आयोजन को छूट

प्रदर्शन कर में यह वृद्धि सामान्य सभा में पारित होने के बाद निगम आयुक्त विश्वदीप ने आदेश जारी कर दिया है। वृद्धि की गई दरों की सूची के अनुसार सिनेमा गृह 50 रुपए प्रति शो यथावत, सर्कस 100 रुपए प्रति शो को यथावत रखा गया है। जादूगर 200 रुपए प्रति शो यथावत, मॉल 600 रुपए प्रति शो, मीना बाजार प्रदर्शन शुल्क 500 रुपए प्रतिदिन यथावत रहेगा। प्रदर्शनी, आनंद मेला, व्यापार मेला, उद्योग मेला एवं अन्य प्रदर्शन शुल्क 500 रुपए प्रतिदिन लगेगा।

मीना बाजार, प्रदर्शनी, आनंद मेला, व्यापार मेला, उद्योग मेला व अन्य में अतिरिक्त प्रदर्शन शुल्क लगेगा, क्योंकि आयोजन में बहुत बड़े क्षेत्र का व्यावसायिक उपयोग होता है और इस भूमि से नगर निगम को कोई राजस्व प्राप्त नहीं होता है, इसलिए भूमि चाहे निजी हो या शासकीय, प्रति 10 हजार वर्गफीट तक भूमि का व्यावसायिक उपयोग करने पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अतिरिक्त प्रदर्शन शुल्क लिया जाएगा। यह शुल्क प्रति 10 हजार वर्गफीट पर 500 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से बढ़ता जाएगा।

# बर्तन दुकान की आड़ में गैस का अवैध कारोबार, 5 सिलेंडर जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी रायपुर में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी धड़ल्ले से जारी है। इस कारोबार में जहां कुछ गैस एजेंसियां संलिप्त हैं, वहीं कई लोग अन्य दुकानों की आड़ में भी यह कारोबार कर रहे हैं। हालांकि इसकी शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग भी लगातार कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को कुशालपुर में एक बर्तन दुकान की आड़ में घरेलू गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार करने वाले दुकानदार के विरुद्ध खाद्य विभाग ने कार्रवाई की है। शिकायत मिलने पर इस दुकान में छापा मारते हुए टीम ने 5 घरेलू सिलेंडर जब्त किया है। तीन दिन के भीतर यह दूसरी कार्रवाई है। दो दिन पहले विभाग ने चंगोराभाठा में भी एक चॉइस सेंटर में दबिश देकर यहां से 10 घरेलू सिलेंडर एवं 13 उज्वला के गैस कार्ड बरामद किए थे।

खाद्य विभाग के अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार को दोपहर में विभाग को शिकायत मिली थी कि कुशालपुर में पहाड़ तालाब के पास हरिओम बर्तन दुकान में गैस सिलेंडरों का अवैध कारोबार किया जा रहा है। दुकानदान अवैध रूप से दुकान में गैस सिलेंडर बेचने का काम करता है। इस सूचना पर विभाग की टीम ने बिना देर किए इस दुकान में छापेमार कार्रवाई की।



### गैस एजेंसियों से सांठगांठ की आशंका

दुकानों से बरामद किए गए सिलेंडर संचालकों के पास कहां से आए है। इसकी जांच विभाग द्वारा की जा रही है। हालांकि जिस तरह से दोनों दुकानों में बड़ी संख्या में सिलेंडर एवं गैस कार्ड बरामद किए गए हैं, उससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि इन दुकानदारों का कहीं न कहीं गैस एजेंसियों से भी सांठगांठ है। हालांकि इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा।

### चॉइस सेंटर की आड़ में अवैध सिलेंडरों का कारोबार

विभाग की टीम ने दो दिन पहले ही कुशालपुर के रिंग रोड के उस पार चंगोराभाठा इलाके में पहाड़ भवन के पास संचालित एक चॉइस सेंटर में छापा मारा था। इस दुकान का नाम अपना चॉइस सेंटर बताया जा रहा है। टीम ने इस दुकान से 10 नग गैस सिलेंडरों के अलावा 14 उज्ज्वला गैस कार्ड जब्ती बनाए है। इससे पता चलता है कि दुकानदार चॉइस सेंटर की आड़ में अवैध गैस सिलेंडरों का कारोबार करता है। हालांकि सूत्र से यह भी जानकारी मिली है कि हरिओम बर्तन दुकान एवं चॉइस सेंटर के संचालक आपस में रिश्तेदार है। हालांकि इसकी अभी पुष्टि नहीं हो पाई है।

### एफआईआर कराई जाएगी

संकट के इस दौर में एलपीजी की कालाबाजारी करने वालों पर सख्त कार्रवाई करने कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं। इस प्रकरण में दुकानदारों के विरुद्ध एफआईआर करायी जाएगी। - *भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक रायपुर*

# कॉमिक्स के पात्र मोटू पतलू का अभिनय करते स्वच्छता जन जागरण रैली




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राजधानी के शंकर नगर इलाके में आम जनता को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने जोन 3 के स्वास्थ्य विभाग ने रैली निकाली। इस रैली में कामिक्स के पात्र मोटू-पतलू बनकर अभिनय करते कलाकार आकर्षण का केंद्र बने। जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू और शंकर नगर वार्ड पार्षद राजेश गुप्ता की उपस्थिति में स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से वार्ड वासियों को साफ-सफाई की अहमियत बताई गई। केन्द्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारी में जुटे रायपुर नगर निगम द्वारा केंद्रीय टीम आने से पूर्व नगर निगम के दस जोन में जोनवार स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को नगर निगम जोन 3 क्षेत्र में जन जागरण रैली निकाली गई। 4 डिब्बा सिस्टम पर जोर देते हुए स्वच्छता दीदी और सफाई मित्रों ने लोगों को यह बताया कि घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरा को अलग-अलग डिब्बे में रखकर कचरा कलेक्शन के लिए आने वाले सफाई मित्रों को दें। यह रैली पार्षद राजेश गुप्ता के नेतृत्व में निकाली गई कार्यक्रम में जोन कमिश्नर प्रीति सिंह, कार्यपालन अभियंता ईश्वरलाल टावरे, सहायक अभियंता नरेश साहू, जोन स्वास्थ्य अधिकारी पूरन तांडी सहित वार्ड वासी शामिल हुए।

# गाइडलाइन और नियम वापस बदले तो रियल एस्टेट को मिला नया जीवन नई योजनाओं की रफ्तार तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रियल एस्टेट में नए साल के पौने चार माह में ही रिकॉर्डतोड़ 71 नई योजनाएं लांच हो गई हैं। यह साल बहुत ज्यादा अच्छा जाने के आसार हैं। कलेक्टर गाइड लाइन में बीते साल किए गए बड़े बदलाव के कारण दिसंबर में रियल एस्टेट की योजनाएं प्रभावित हो गई थीं, लेकिन बाद में प्रदेश सरकार ने रियल एस्टेट कारोबारियों की सुनी और गाइड लाइन और नियमों बदलाव किया गया, तो नई योजनाओं को नया जीवन मिल गया है।

बीते साल मंदी का दौर रहा, जहां इस बार घर कम बिके हैं, वहीं नई योजनाएं भी बीते साल कम लांच हुई। बीते साल 147 नई योजनाओं का ही रेरा में पंजीयन हुआ था, जबकि 2024 में 161 योजनाओं का पंजीयन हुआ था। 2023 में सबसे ज्यादा मंदी रही, क्योंकि 137 नई योजनाओं ही आईं, जबकि 2022 में रिकॉर्डतोड़ 273 योजना लांच हुई थीं। लेकिन अब नए साल 2026 में योजनाओं की रफ्तार तेज हो हो गई हैं।

### 2022 में बना रिकॉर्ड

रियल एस्टेट से जुड़ी हर योजना को अब रेरा से मंजूरी लेनी पड़ती है। चाहे वह सरकारी योजना हो या फिर निजी योजना उनको रेरा में पंजीयन के बिना प्रारंभ नहीं किया जा सकता है। रेरा में जब फरवरी 2018 से पंजीयन प्रारंभ हुआ तो यही साल ऐसा रहा, जिसमें रिकॉर्डतोड़ 897 योजनाओं का पंजीयन हुआ। ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि हर बिल्डर को अपनी पुरानी योजनाओं का भी पंजीयन कराना जरूरी था। दूसरे साल पुरानी और नई योजनाओं को मिलाकर 192 योजनाएं मंजूर हुईं। 2020 में कोरोना काल होने के बाद भी 100 नई योजनाओं का पंजीयन रेरा में हुआ। 2021 में पिछला रिकॉर्ड टूटा और 136 नई योजनाओं का पंजीयन हुआ। 2022 में योजनाओं की बाढ़ आई। इस साल 273 नई योजनाएं आईं। इसके बाद 2023 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई साल भर में महज 137 योजनाओं आईं। 2024 में योजनाओं की रफ्तार में कुछ इजाफा हुआ और साल भर में 161 नई योजनाएं आईं। फिर से 2025 में योजनाओं की रफ्तार धीमी हो गई। अब नए साल में भी ज्यादा योजनाएं आने की संभावना है।

### बीते साल दिसंबर में सबसे कम योजनाएं

बीते साल की बात करें तो इस साल जनवरी और फरवरी में 11-11 योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ। इसके बाद मार्च में 14, अप्रैल में 21, मई में 13, जून में 9, जुलाई में 10, अगस्त में 8, सितंबर में 10, अक्टूबर में 11 और नवंबर में जहां सबसे 22 योजनाओं का पंजीयन हुआ, वहीं दिसंबर में सबसे कम महज 7 योजनाएं आई। कुल मिलाकर साल भर में 147 नई योजनाओं का रेरा में पंजीयन हुआ है। दिसंबर में सबसे कम योजनाओं का एक बड़ा कारण जमीन का गाइड लाइनों में बड़ा बदलाव रहा। जमीन की कीमत जहां बहुत बढ़ा दी गई थी, वहीं जमीन खरीदी की प्रक्रिया कठिन हो गई थी। लेकिन अब इसमें संशोधन होने के कारण रियल एस्टेट के कारोबारी खुश हैं और नए साल में ज्यादा पंजीयन हो रहा है। इस साल जनवरी में 18,फरवरी में 14, मार्च में सबसे ज्यादा 28 और अप्रैल में अब तक 11 नई योजनाओं का पंजीयन हो गया है।

## पेज 11 के शेष

### पीएम आवास तोड़ने

घर पर हमला किया, दरवाजा व दीवार तोड़ दी, गाली-गलौज की और नकदी, जेवर व अनाज भी लूट ले गए। पीड़ित द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने का आरोप है। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी, भाटापारा द्वारा संबंधित ग्रामीणों के प्रभाव में आकर उक्त मकान को अवैध कब्जा घोषित करते हुए तोड़ने का आदेश जारी कर दिया गया। तहसीलदार द्वारा बेदखली वारंट भी जारी किया गया, जबकि कलेक्टर स्तर पर भी प्रकरण में सुनवाई नहीं हो सकी।

### आग से पुराना ...

उपकरणों और किसानों की कृषि उपज को सुरक्षित बचा लिया गया, जिससे एक बड़ी आर्थिक क्षति टल गई। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार, आग सबसे पहले भवन के बाहर सड़क किनारे पड़े कूड़े-कचरे और लकड़ियों में लगी थी। दोपहर के समय हवा के रुख के कारण आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और पुराने उप-तहसील भवन के अंदर तक जा पहुंची। आग की लपटें उठते ही वहां अफरा-तफरी मच गई।

**पुलिस जांच जारी:** घटना की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार ने पुलिस को रिपोर्ट भेजकर मामले में एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। भटगांव पुलिस ने भी मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया है। आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

### भाजपा कार्यालय में ...

को सकारात्मक दिशा देने वाला कार्यक्रम है, जो आमजन को देश के विकास कार्यों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।











विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, सोमवार 27 अप्रैल 2026

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा सरखोर में .. 12



राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर मुड़पारय... 12





## खबर संक्षेप

### किसान कांग्रेस उपाध्यक्ष बने राजमहंत घृतलहरे

**गिधौरी।** कांग्रेस संगठन सृजन की कडी में जिला बलौदाबाजार किसान कांग्रेस अध्यक्ष सरजू प्रसाद घृतलहरे ने बिलाईगढ विधान सभा के ब्लाक कांग्रेस सोनाखान अंतर्गत नगर पंचायत टुण्डरा से सेवा निवृत्त कृषि अधिकारी राजमहंत पीके घृतलहरे ( पुलस्त्य कुमार) को उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। घृतलहरे जी



सेवा निवृत उपरांत सामाजिक एवं कांग्रेस पार्टी के गतिविधियों में सक्रीय हैं, कृषि अधिकारी रहे होने के नाते वे किसानों के साथ 40 साल से जुडे रहे, किसान संगठन को उनके अनुभव का लाभ मिलेगा। उनके उपाध्यक्ष बनने पर बिलाईगढ विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायक संसदीय सचिव चंद्रदेव प्रसिद राय, जिला कांग्रेस बलोदाबाजार अध्यक्ष सुमित्रा घृतलहरे, ब्लाक कांग्रेस सोनाखान अध्यक्ष एवं किसान कांग्रेस नवनियुक्त उपाध्यक्ष युधिष्ठिर नायक, विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व नगर अध्यक्ष मोतीराम साहू, नगर कांग्रेस मंडल टुण्डरा अध्यक्ष अधिवक्ता एवं प्रवक्ता किसान कांग्रेस रविशंकर बंजारे, प्रगतिशील सतनामी समाज अध्यक्ष बिलाईगढ सालिकराम घृतलहरे, कसडोल अध्यक्ष चंद्रशेखर सांडे ने शुभकामनाएं दी।

### मंदिर हसौद के पास बस पलटी दर्जनभर घायल

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में शनिवार को तेज रफ्तार अनियंत्रित बस के पलटने से एक दर्जन से ज्यादा यात्री घायल हो गए। राहगीरों की मदद से पुलिस ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाल कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है। घटना शाम पांच बजे के करीब की है। पुलिस के अनुसार जैन ट्रैवल्स की बस सीजी 06 जीके 6591 रायपुर से महासमुंद यात्रियों को लेकर जा रही थी। इसी दौरान मंदिर हसौद के पास बस का चालक बस की रफ्तार नियंत्रित नहीं कर पाया। बस सड़क के डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। एक्सीडेंट की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंची और राहत तथा बचाव कार्य करने के साथ ही क्रेन की मदद से सड़क किनारे पलटी बस को साइड करवाया। साथ ही यात्रियों को दूसरी बस से उनके गंतव्य स्थान के लिए रवाना किया।

### होटलों में जांच, नोटिस दिया, सैंपल उठाया



**रायपुर।** खाद्य सुरक्षा टीम ने शनिवार को भाटापारा एवं दामाखेड़ा में जांच अभियान चलाया। दामाखेड़ा के साहू होटल एवं स्वीट्स में खाद्य पदार्थ ढंककर नहीं रखने व फ्रिज में गंदगी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम की धारा 55 के तहत नोटिस जारी किया गया। भाटापारा शहर के आयुष डेयरी व पटेल डेयरी दतरेंगी का औचक निरिक्षण किया। पटेल डेयरी से मलाई क्रीम का नमूना लेकर जाँच हेतु राज्य खाद्य परिक्षण प्रयोगशाला भेजा गया। पूर्व महीनो में जॉच हेतु लिए गये नमूनों में अविनाश पोहा इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड पोहा व शीतल इंडस्ट्रीज भाटापारा के पैक्ड बेसन में पोषण संबंधी जानकारी अपूर्ण होने के कारण मिथ्याछाप घोषित किया गया है। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के लेबलिंग व डिस्प्ले रेगुलेशन 2020 के तहत सभी पैक्ड खाद्य उत्पादों में पोषण सुचना संबंधी पूर्ण जानकारी देना अनिवार्य है।

# ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया- पनगांव में कभी- कभी अस्पताल बंद रहता है, आरएचओ ने कहा- फिल्ड में जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनगांव और लाहौद का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के ओपीडी सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

पीएचसी पनगांव में ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि कभी कभी अस्पताल पूरे दिन बंद रहता है जिससे लोगों को परेशानी होती है। इस पर कलेक्टर ने आरएचओ से पूछ ताछ कर जानकारी ली। आरएचओ ने बताया कि फिल्ड दौरा रहने के कारण कभी -कभी अस्पताल बंद रहता है। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि अस्पताल बंद नहीं रहना चाहिए कम से कम एक स्टाफ अवश्य उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिदिन ओपीडी क्री संख्या, हर माह सस्थागत प्रसव, दवाई क्री उपलब्धता क्री जानकारी ली।

## कलेक्टर ने पीएचसी पनगांव और लाहौद का किया निरीक्षण

**खास बातें**

- लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश



**इनकी रही मौजूदगी**

इस दौरान सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, एसडीएम प्रकाश कोरी, सीएमएचओ डॉ राजेश अवस्थी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।



### स्टॉफ गर्भवती महिलाओं के संपर्क में रहें

कलेक्टर श्री शर्मा ने इसके पश्चात पीएचसी लाहोद का निरीक्षण किया। अस्पताल क्री साफ -सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओ पर संतुष्टि जताई। उन्होंने सामान्य शौचालय में पानी क्री बेहतर व्यवस्था सहित, एंटी वेनम, हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं से लगातार संपर्क आदि के निर्देश दिये।

## बलौदाबाजार-रायपुर मुख्य मार्ग, राहगीरों और यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में भारी असुविधा

# संडी शराब दुकान के सामने वाहनों की बेतरतीब पार्किंग से जाम, घंटों परेशान हो रहे राहगीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी बंगला

बलौदाबाजार-रायपुर मुख्य मार्ग पर संडी स्थित शराब दुकान के सामने अब नियमित रूप से लंबा जाम लग रहा है, जिससे यात्रियों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। बीते रविवार को भी सड़क के किनारे वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जिससे आवागमन कई घंटों तक पूरी तरह ठप रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, शराब दुकान के सामने वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग और खरीदारी करने आए लोगों की भीड़भाड़ इस समस्या का मुख्य कारण है। दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क के किनारे बेतरतीब खड़े रहते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ जाता है। इससे वाहनों की आवाजाही लगभग थम जाती है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि यह समस्या आए दिन उत्पन्न हो रही है और प्रशासन की ओर से इसके स्थायी समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि इस मार्ग से गुजरने वाले दैनिक यात्रियों और अन्य लोगों को अक्सर गंतव्य तक पहुंचने में अनावश्यक देरी का सामना करना पड़ता है।





### क्या है मुख्य समस्या?

स्थानीय लोगों के अनुसार, जाम का मुख्य कारण शराब दुकान के सामने अव्यवस्थित पार्किंग है। यहाँ खरीदारी के लिए आने वाले लोग अपने दोपहिया और चारपहिया वाहन सड़क के किनारे ही खड़े कर देते हैं, जिससे पहले से ही व्यस्त मार्ग संकरा हो जाता है। इसके चलते यातायात का दबाव इतना बढ़ जाता है कि वाहनों की आवाजाही थम जाती है।

### यात्रियों की परेशानी

क्षेत्रवासियों का कहना है कि यह समस्या कोई नई नहीं है, बल्कि आए दिन की हो गई है। बलौदाबाजार-रायपुर मुख्य मार्ग एक व्यस्त रूट है और इस पर जाम लगने से दैनिक यात्रियों, स्कूली बसों और आपातकालीन वाहनों को भी फंसना पड़ता है। गंतव्य तक पहुंचने में लोगों को अक्सर अनावश्यक देरी का सामना करना पड़ता है। लोगों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं।

### आए दिन लंबा जाम

बलौदाबाजार-रायपुर मुख्य मार्ग पर संडी स्थित शराब दुकान के सामने अनियमित पार्किंग और ग्राहकों की भीड़भाड़ के कारण आए दिन लंबा जाम लगता है। बीते रविवार को यह स्थिति कई घंटों तक बनी रही, जिससे सड़क पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। राहगीरों और यात्रियों को गंतव्य तक पहुंचने में भारी असुविधा हुई। क्षेत्रवासियों ने स्थायी समाधान की मांग की है।

### ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे

संडी स्थित शराब दुकान के सामने लगने वाले जाम की जानकारी मिली है। पुलिस टीम द्वारा समय-समय पर पेट्रोलिंग की जाएगी और ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त करने का प्रयास किया जाएगा।
- **परिवेश तिवारी**, थाना प्रभारी, पलारी

## पीएम आवास तोड़ने की कार्रवाई पर व्यवहार न्यायालय ने लगाई रोक

**बलौदाबाजार।** ग्राम कुकदा निवासी जगदीश मिरी के मकान तोड़े जाने की कार्रवाई पर न्यायालय ने रोक लगा दी है। न्यायालय ने प्रशासन की कार्यवाही को प्रथम दृष्टया उचित नहीं मानते हुए यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए है। वाद भूमि पर किसी भी प्रकार के हस्तक्षेप पर प्रतिबंध लगा दिया है।

- प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि नष्ट होने पर भी उठे सवाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भूमिहीन होने के कारण जगदीश मिरी को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र मानते हुए जनपद पंचायत द्वारा सर्वे एवं अनुशंसा के बाद शासन ने उन्हें अन्य 107 हितग्राहियों के साथ आबादी भूमि पर मकान आवंटित किया था। यह मकान उन्हें वैध अधिकार के तहत प्रदान किया गया था। बताया जा रहा है कि गांव के ही कुछ लोगों को यह आवंटन आपत्तिजनक लगा। आरोप है कि 23 जुलाई 2025 की रात इन लोगों ने एकजुट होकर जगदीश मिरी के ▶▶ शेष पेज 10 पर

### आबादी भूमि पर बने अन्य मकानों को नहीं तोड़ा गया

यह भी उल्लेखनीय है कि उसी आबादी भूमि पर बने अन्य व्यक्तियों के मकानों को नहीं तोड़ा गया। केवल जगदीश मिरी के मकान पर की गई इस कार्रवाई को लेकर भेदभाव के आरोप भी सामने आ रहे हैं। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त शासकीय सहायता राशि भी मकान तोड़े जाने के कारण नष्ट हो गई, जिससे सरकारी धन की हानि होना बताया जा रहा है। न्याय के लिए अंततः जगदीश मिरी ने अपने अधिवक्ता सतीश चन्द्र श्रीवास्तव के माध्यम से सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा 80 के तहत नोटिस प्रेषित कर न्यायालय में वाद दायर किया। मामले की सुनवाई करते हुए व्यवहार न्यायाधीश कु. रिद्धि बुराड ने प्रशासन की कार्रवाई को अवैध मानते हुए स्थगन आदेश पारित किया। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि वाद भूमि पर मिरी के कब्जे में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप न किया जाए।

## नए एसपी के सामने अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है बड़ी चुनौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले में नए एसपी ओमप्रकाश शर्मा के सामने जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने और बढ़ती आपराधिक एवं अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने की बड़ी चुनौती होगी। 10 जून 2024 की एक चर्चित घटना के बाद से संवेदनशील माने जाने वाले इस जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर आमजन की अपेक्षाएं भी पहले के मुकाबले बढ़ी हैं।

जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा इससे पहले भी बलौदाबाजार एवं भाटापारा क्षेत्र में अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के रूप में कार्य कर चुके हैं, जिससे स्थानीय परिस्थितियों और चुनौतियों की उन्हें अच्छी समझ है। ऐसे में जिलेवासियों को उनसे ठोस और प्रभावी कार्रवाई की उम्मीद है।

# उप-तहसील कार्यालय में आग से रिकॉर्ड जलकर राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

कृषि उपज मंडी परिसर स्थित पुराने उप-तहसील कार्यालय (जो वर्तमान में धान खरीद केंद्र के रूप में संचालित है) में 24 अप्रैल की दोपहर अचानक लगी आग ने प्रशासनिक रिकॉर्ड को अपनी चपेट में ले लिया। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पुराने रिकॉर्ड और मंडी चुनाव से संबंधित सीलबंद दस्तावेज जलकर खाक हो गए। हालांकि, समिति के कर्मचारियों और अधिकारियों की तत्परता से कीमती इलेक्ट्रॉनिक ▶▶ शेष पेज 10 पर






### तहसीलदार और दमकल टीम ने संभाला मोर्चा

सूचना मिलते ही तहसीलदार नीलिमा अग्रवाल घटनास्थल पर पहुंचीं और स्थिति का जायजा लिया। हालांकि, तब तक पुराने रिकॉर्ड, जिसमें मुख्य रूप से आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र और मंडी चुनाव के सीलबंद बक्से शामिल थे, जल चुके थे। आग पर पूरी तरह काबू पाने के लिए दमकल विभाग को सूचित किया गया। करीब एक घंटे बाद पहुंची दमकल गाड़ी ने मशक्कत के बाद आग को पूरी तरह शांत किया।

### कर्मचारियों की सूझबूझ से बचा बड़ा नुकसान

समिति प्रबंधक हीरालाल चंद्र और अध्यक्ष रामलाल साहू ने आग देखते ही तत्काल मोर्चा संभाला। उन्होंने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलकर मंडी के बोरवेल से पाइप जोड़कर आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। समिति की सतर्कता का ही परिणाम था कि खरीद केंद्र में रखी 9 क्विंटल सरसों और कार्यालय में लगे सीसीटीवी कैमरा सेट, इन्वर्टर, बिजली के तारों और अन्य कीमती उपकरणों को पूरी तरह सुरक्षित निकाल लिया गया।

## पीएम मोदी ने की मन की बात, विलुप्त होती प्रजाति को मिली नई जिंदगी

# बारनवापारा से विलुप्त हो गए थे काले हिरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लगभग 245 वर्ग किलोमीटर में फैला बारनवापारा वन्यजीव अभयारण्य आज संरक्षण की सफलता का एक सशक्त प्रमाण बनकर उभरा है। एक समय ऐसा था जब यहां से काले हिरण विलुप्तप्राय हो गया था लेकिन आज यह अभयारण्य लगभग 200 ब्लैक बक का बसेरा है। यह उपलब्धि धैर्य, वैज्ञानिक देखभाल और गहरी पारिस्थितिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 133 वीं कड़ी में छत्तीसगढ़ के ब्लैक बक संरक्षण प्रयासों का उल्लेख किया और उनकी सराहना की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में ब्लैकबक यानी काले हिरणों का फिर से दिखाई देने लगे हैं। एक समय इनकी संख्या बहुत कम हो गई थी लेकिन लगातार प्रयास हुए और संरक्षण बढ़ाया गया। आज ये फिर से खुले मैदान में दौड़ते नजर आते हैं। यह हमारी खोती विरासत क्री वापसी है। 1970 के दशक के बाद अतिक्रमण और आवास विनाश के कारण बारनवापारा से कृष्णमृग लगभग गायब हो गए थे और करीब पाँच दशकों तक स्थानीय रूप से विलुप्त रहे। अप्रैल 2018 राज्य वन्यजीव बोर्ड की 9वीं बैठक में पुनरुद्धार योजना को मंजूरी मिली। योजनाबद्ध तरीके से बारनावापारा अभ्यारण्य में काले हिरण को वापस लाया गया। अब इनकी संख्या बढ़कर 200 के करीब पहुंच गई है।





### क्यों खास है यह उपलब्धि?

वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि बारनवापारा में काले हिरणों की वापसी महज एक संख्यात्मक वृद्धि नहीं है, बल्कि यह पारिस्थितिक तंत्र के संतुलित होने का संकेत है। यह उपलब्धि यह दर्शाती है कि यदि सही दिशा में वैज्ञानिक प्रयास किए जाएं, तो विलुप्तप्राय प्रजातियों को भी बचाया जा सकता है। प्रधानमंत्री द्वारा की गई इस सराहना से अब छत्तीसगढ़ के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिली है, जो विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए भी एक बड़ा मनोबल है।

## भाजपा कार्यालय में सुनी गई पीएम मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बलौदाबाजार में रविवार को प्रधानमंत्री के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' के 133वें एपिसोड का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजेश शर्मा, कार्यसमिति सदस्य एवं सहप्रभारी मोहन चंद्राकर, कार्यसमिति सदस्य व पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुनीता वर्मा, वरिष्ठ नेता मणिकांत मिश्रा, पुरूषोत्तम साहू, विजय केसरवानी, योगेश वर्मा (जिला संयोजक, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ), संतोष कश्यप, पटवा, नेतराम साहू, अदिति बाघमार, नीलम सोनी, युवा मोर्चा अध्यक्ष तरुण वर्मा, पीयूष मिश्रा, सोहन साहू, अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष अमितेश नेताम, मोहन साहू, विक्की चेलक, शिव वर्मा, केशव यादव, युवा मोर्चा के अनिल गुप्ता, अंशू मनारे, शिवाजी नरेश केसरवानी, हरिशंकर सेन, धनेश्वरी वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें जनहित से जुड़ा बताते हुए सराहना की। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि 'मन की बात' समाज ▶▶ शेष पेज 10 पर

- कार्यकर्ताओं ने कहा- राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरक कार्यक्रम

# 'सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार' थीम पर खाद्य पदार्थों एवं दवाइयों की आज से गुणवत्ता जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले के नागरिकों को सुरक्षित एवं गुणवत्तायुक्त खाद्य एवं औषधि उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 27 अप्रैल से 11 मई तक 15 दिवसीय सघन जांच अभियान संचालित किया जाएगा है। यह अभियान सही दवा शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार थीम के अंतर्गत संचालित किया जाएगा। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने सघन जांच अभियान हेतु खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राजस्व तथा पुलिस क्री संयुक्त टीम गठित किया है। खाद्य पदार्थो एवं औषधि क्री जांच हेतु दो अलग-अलग टीम गठित है। इसके साथ ही मॉनिटरिंग के लिये अपर कलेक्टर निशा नेताम मड़ावी को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रजनी छड़ीमली को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है।

■ खाद्य सुरक्षा, राजस्व एवं पुलिस क्री संयुक्त टीम गठित

## पखवाड़ेभर चलने वाले अभियान में ठेले से लेकर बड़े प्रतिष्ठानों में दी जाएगी दबिश





### एक टीम खाद्य पदार्थों की जांचेगी

सघन जांच अभियान के दौरान तहसीलवार प्रतिदिन दोनों जांच टीम जिलेभर में कार्यवाही करेंगी। खाद पदार्थ जांच टीम के द्वारा चाट, गुपचुप सेंटर्स स्ट्रीटवेंडर्स, गन्नारस, साफ्ट ड्रिक्स, आईसक्रीम, जूस सेंटर्स,डेयरी प्रोडक्ट, दूध, दही, पनीर, लस्सी, छाछ आदि विक्रेता फर्म, स्वीट शॉप, स्वीट मैन्यूफैक्चरिंग प्रोसेसिंग यूनिट, होटल, रेस्टोरेंट, केक एवं अन्य बेकरी प्रोडक्ट, मिड-डे-मिल सेंटर्स, हॉस्पिटल केन्टीन, पैकेज ड्रिंकिंग वाटर, कन्फेक्शनरी प्रतिष्ठान, ढाबा, फल एवं सब्जी विक्रेता, पेप्सी, आईसकैंडी, आईसगोला विक्रेता प्रतिष्ठानों की जांच क्री जाएगी।

### फास्टमुविंग कॉस्मेटिक,दवा, वैक्सीन को प्रतिष्ठानों - दुकानों में जांचेंगे

इसके साथ ही औषधि जांच टीम के द्वारा मार्केट से फास्टमुविंग कॉस्मेटिक की जानकारी एवं कॉस्मेटिक एजेंसियों का निरीक्षण, थोक औषधि विक्रय परिसरों की जांच,खुदरा औषधि विकय परिसरों की जांच,ग्रामीण अंचलों में प्रसाधन सामग्री विकय परिसरों की जांच, कोल्डचेन एवं वैक्सीन स्टोरेज परिसर, अस्पतालों एवं अस्पतालों से जुड़े फार्मेसी, वैक्सीन एजेंसियों के वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चैन,शासकीय परिसरों में वैक्सीन संधारण एवं कोल्ड चैन, स्वापक औषधियों के थोक विक्रेताओं की जांच,सावर्जनिक स्थलों पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही एवं जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### योगेंद्र सोनवानी को मिला स्काउट्स गाइड्स का सर्वोच्च सम्मान एएलटी

**लवन।** विकासखंड बलौदाबाजार के स्काउट हब कहे जाने वाले विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर के



व्याख्याता योगेन्द्र कुमार सोनवानी, स्काउट मास्टर को दिनांक 24 अप्रैल को माननीय भारत स्काउट्स एवं गाइडस छ ग़ के मुख्य राज्य आयुक्त इंदर जीत खालसा एवं पूर्व राज्य मुख्य आयुक्त स्वामी के हाथो स्काउट्स एवं गाइडस का द्वितीय सर्वोच्च पद ए एल टी (स्काउट ) का श्री बिट्स एवं आनरेबले चार्ज प्रदान किया गया। यह सम्मान 5 दिवसीय पी पी टी निर्माण कार्यशाला के अंतिम दिवस पर श्रीबालाजी विद्या मंदिर, देवेंद्र नगर रायपुर में प्रदान किया गया। इस अवसर पर राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी, राज्य संगठन आयुक्त अमित छत्रि, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त शैलेन्द्र मिश्रा, पूनम साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त ( गाइड ) सरिता पांडेय उपस्थित थे।

### आयुष्मान कार्ड से हुआ निशुल्क इलाज

**रायपुर।** सुकमा के मिचवार में रहने वाली बुधरी मड़काम के लिए मेगा सुपर स्पेशलिटी हेल्थ कैंप उम्मीद की नई किरण बनकर सामने आया। गंभीर बीमारी से जूझ रही बुधरी की हालत लगातार बिगड़ रही थी। कैंप में हुई जांच ने स्थिति की गंभीरता को पहचान लिया और प्रशासन की तत्परता से उसे सही उपचार की दिशा में तुरंत आगे बढ़ाया गया। बुधरी को तत्काल एम्स रायपुर रेफर कराया गया। एक सप्ताह की जांच के बाद बुधरी को दुर्लभ बीमारी सरकॉइडोसिस होने की पुष्टि हुई और 7 अप्रैल से 22 अप्रैल तक 15 दिनों के इलाज के बाद वह पूरी तरह स्वस्थ होकर घर लौट आई। सबसे बड़ी राहत यह रही कि आयुष्मान कार्ड के माध्यम से पूरा उपचार निःशुल्क हुआ।
इस मामले ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के उस संकल्प को भी साकार करती है, जिसमें उन्होंने कहा था कि गंभीर मरीजों को रायपुर ले जाकर बेहतर इलाज दिलाया जाएगा।

### कार्यशाला के माध्यम से मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस

**रायपुर।** रविवार को विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। नोडल अफसर डॉ विमल किशोर राय एवं डीपीएम मनीष कुमार मैजरवार उपस्थित थे। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में अरविंद टेक्निकल ऑफिसर एनसीडीसी फील्ड यूनिट लालपुर एवं कुमार सिंह जिला सलाहकार एनवीबीडीसीपी रहे।

## निधन

### कौशल्या देवी द्विवेदी

**बलौदाबाजार।** सिविल लाइन



निवासी स्वर्गीय कौशल्या देवी द्विवेदी का दिनांक 26 अप्रैल को शाम 5:00 बजे निधन हो गया। वे स्वर्गीय पृथ्वी पाल द्विवेदी की धर्मपत्नी थीं तथा राजू द्विवेदी एवं कृष्ण द्विवेदी की माताजी थीं। उनका अंतिम संस्कार रायपुर रोड स्थित मोक्ष धाम में दिनांक 27 अप्रैल को सुबह 10:00 बजे किया जाएगा।

## जनगणना : प्रगणकों व सुपरवाइजर्स को दिया प्रशिक्षण

# 1 मई से घर-घर दस्तक देंगे प्रगणक 33 बिंदुओं पर जुटाई जाएगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार गृह मंत्रालय के जनगणना कार्य निदेशालय एवं छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार नगरीय निकाय क्षेत्र में 1 मई से 30 मई 2026 तक जनगणना कार्य संपादित किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका कार्यालय में प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स का दो चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न कर लिया गया है। प्रशिक्षण का प्रथम चरण 18 अप्रैल से 20 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 40 प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को प्रशिक्षित किया गया। इसके पश्चात द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से 24 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान स्थानीय अनुविभागीय अधिकारी प्रकाश चन्द्र कोरी, तहसीलदार निवेश कुरेटी तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार टंडन ने निरीक्षण कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। वहीं जनगणना कार्य के चार्ज अधिकारी आशीष तिवारी ने भी प्रशिक्षण की सतत निगरानी करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना 2027 के तहत नागरिकों को स्व-गणना की सुविधा भी प्रदान की गई है, जिसके अंतर्गत 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिक मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी दर्ज कर सकते हैं। इसके पश्चात 1 मई से 30 मई 2026 तक फील्ड में मकान सूचीकरण एवं गणना का कार्य किया जाएगा।

जनगणना लिपिक अमित वर्मा ने बताया कि प्रगणकों एवं सुपरवाइजर्स को निर्देशित किया गया है कि वे सभी जानकारी सटीक एवं प्रमाणिक रूप से एकत्रित करें, ताकि शासन को सही आंकड़े उपलब्ध हो सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नागरिकों द्वारा दी गई समस्त जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी तथा इसका उपयोग शासन द्वारा योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में किया जाएगा।



### मकानों का सूचीकरण एवं गणना की जाएगी

जनगणना कार्य के प्रथम चरण में नगर क्षेत्र में मकानों का सूचीकरण एवं गणना की जाएगी। इस दौरान लगभग 33 बिंदुओं पर जानकारी एकत्रित की जाएगी, जिसमें मकान का प्रकार कच्चा/पक्का, पेयजल व्यवस्था, रसोईघर की स्थिति, शौचालय, वाहन, मोबाइल, ईंधन, प्रकाश के स्रोत सहित अन्य आवश्यक जानकारियां शामिल हैं।

# भारत स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा सरखोर में प्याऊ घर का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

छत्तीसगढ़ में गर्मी का कहर जारी है ऐसे गर्मी में राहगीरों के लिए जल का महत्व बढ़ जाता है अतः प्यासे राहगीरों एवम नागरिकों के लिए जल के महत्व को देखते हुये ग्राम -सरखोर में बाजार चौक पर रमन दुकान के सामने, छत्तीसगढ़ स्काउट्स एवम गाइड्स द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय -सरखोर एवम माँ सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यायल सरखोर के तत्वाधान में शनिवार को पियाऊ घर का शुभारम्भ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ग्राम के पंच रमण साहू एवं राजेश पटेल द्वारा किया गया, साथ में सह अतिथि किशोर साहू प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरखोर एवं राकेश रोशन साहू, प्राचार्य मा सरस्वती शिशु मंदिर सरखोर द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथियो द्वारा जल संरक्षण, पक्षियों ० जानवरो के लिए दानापानी, लु से बचाव के तरीके, यातायात एवं स्वच्छता संबंधित बातो का पालन करने का आह्वान किया गया।

# मोहरेंगा स्कूल के 5वीं के विद्यार्थियों की दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

संकुल केन्द्र मोहरेंगा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला मोहरेंगा में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों की विदाई और भूतपूर्व विधार्थियों का पुनर्मिलन समारोह का आयोजन किया गया था जिसमें शाला के सभी बच्चे उपस्थित हुए। शैलेंद्र डहरिया और जीवन लाल कूर्रे ने कहा की बच्चों को अनुशासन में रहकर और एक नियमित दिनचर्या बनाकर ध्यान केवल पढाई पर केंद्रित करें। कार्यक्रम के अंत में पिछले वर्ष कक्षा पहली से पांचवी तक प्रथम और द्वितीय आने वाले बच्चों को डहरिया द्वारा स्कूल बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया और मध्यान्ह भोजन संचालन समूह जय दुर्गा माँ स्व सहायता समूह द्वारा सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह के रूप पानी बोतल प्रदान किया गया। कार्यक्रम की सफलता के लिए राजेंद्र कुमार वर्मा के द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया।

### रूस में 10 दिवसीय विपश्यना शिविर, शामिल होंगे रायपुर के आचार्य

**रायपुर।** विपश्यना फाउंडेशन रूस के आमंत्रण पर धम्मकुटी विपश्यना ध्यान केन्द्र सिंगार भाटा रायपुर के केन्द्र आचार्य सीताराम साहू दस दिवसीय विपश्यना ध्यान शिविर संचालन करेंगे। व्लादिवोस्तोक में 28 अप्रेल से 9 मई तक आयोजित शिविर द्विभाषी अंग्रेजी एवं रूसी में होगा। छत्तीसगढ़ में स्थित चार विपश्यना ध्यान केंद्रों के केंद्र आचार्य सीताराम साहू ने बताया कि सयाजी ऊबा खिन्न की परंपरा में विश्व विपश्यना आचार्य सत्यनारायण गोयनका द्वारा सिखाए जाने वाली विश्व में 265 स्थायी विपश्यना ध्यान केंद्रों तथा 129 अस्थाई विपश्यना ध्यान केंदों में विपश्यना ध्यान शिविर आयोजित किया जाता है।

# जिले के चार शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

राजधानी रायपुर के जे एन पाण्डे उत्कृष्ट विद्यालय में नवाचारी गतिविधियां समूह द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षक सम्मान एवं शैक्षणिक संप्रवाह में माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के उप सचिव डॉ रघु सर ने राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षिक संप्रवाह कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विजन, मिशन और लक्ष्य को सीढ़ी बनाकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कार्य मे आत्मसंतुष्टि होना चाहिए। सामुदायिक सहभागिता को नवाचार में शामिल करने की अपील की। समग्र शिक्षा रायपुर छत्तीसगढ़ के उप संचालक ए. के.सारस्वत सर ने कहा कि आप सभी नवाचारी शिक्षकों के स्तंभ पर विभाग खड़ा है। नवाचार का कभी अंत नही होता। आपने स्व प्रेरित होकर इतना बड़ा कार्य किया है जो सराहनीय है। रायपुर के जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारती ने कहा कि आपका ग्रुफ नवाचारी नही है बल्कि परिवर्तनकारी है। सभा को अरुण कुमार शर्मा डीएमसी रायपुर एवं प्राचार्य सुचिता पाण्डेय मेडम ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के 160 नवाचारी शिक्षकों का सम्मान किया गया। विभिन्न चरणों से गुजरने के बाद जिला बलौदाबाजार के शिक्षक विकासखंड सिमगा से चित्रा साहू, बलौदाबाजार विकासखंड से संध्या वर्मा, पलारी से दुर्गा साहू और लोचन प्रसाद बांधे को उनके द्वारा किए जा रहे नवाचार और बच्चों के समग्र विकास के लिए प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

समूह प्रमुख संजीव सूर्यवंशी जिला बलौदाबाजार एडमिन कान्हा साहू एवं ऋतु वर्मा ने कार्यक्रम के बारे में एवं नवाचारी गतिविधियां समूह के बारे में बताया। समूह के वरिष्ठ सदस्यों ने बताया कि यह समूह शासकीय विद्यालय में पदस्थ शिक्षकों का स्वप्रेरित समूह है। जो विगत 5 वर्षों से इस तरह का आयोजन कर रहा है। इस आयोजन के लिए संसाधन की व्यवस्था स्वयं करते हैं। इस समूह में भारत देश के सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश के शिक्षक जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम में समूह प्रमुख संजीव सूर्यवंशी के साथ जिला बलौदाबाजार एडमिन चित्रेश्वर वर्मा, कान्हा साहू, ऋतु वर्मा, मुकेश साहू ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में राज्य भर के एडमिन पैनल सदस्यों के साथ मिलकर अपना सहयोग प्रदान किया।



### चित्रा साहू को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

**सिमगा।** नवाचारी गतिविधियां समूह भारत एडमिन टीम छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक संप्रवाह सत्र 2025-26 का आयोजन 25 अप्रैल को रायपुर में स्वामी आत्मानंद प्रो. जे एन पाण्डेय शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रायपुर में आयोजित किया गया। जिसमें सिमगा ब्लॉक के शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कोलिहा की शिक्षिका चित्रा साहू को उसके नवाचारी गतिविधियां के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही इस सम्मान समारोह में नवाचार टॉपिक पर प्रस्तुतीकरण का भी अवसर मिला। चित्रा साहू ने स्वयं के बनाए हुए पीपीटी के माध्यम से किस प्रकार वह अपने विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कर विज्ञान विषय को रोचक, सरल व आकर्षक बना कर विज्ञान जैसे कठिन विषय को सरलता से कबाड़ से जुगाड़ मॉडल, मिट्टी से निर्मित माडल, सहपाठी शिक्षण,अपना मंच समूह कार्य, रंगोली प्रतियोगिता विज्ञान विषय विज्ञान के चित्रों, व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत क्राफ्ट वर्क, ग्रीटिंग कार्ड, बैच निर्माण, राखी बनावाना एवं राखी से पूर्व स्कूल में राखी स्टॉल लगवाना जिसमें बच्चों के द्वारा राखी बेचा जाता है।



### शिक्षक देवेन्द्र कुमार साहू को मिला राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान

**बिलाईगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार की नई मिसाल पेश करते हुए शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमोदी (विकासखंड बिलाईगढ़, जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़) के शिक्षक देवेन्द्र कुमार साहू को राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान से अलंकृत किया गया।



यह सम्मान उन्हें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे उनके अभिनव शैक्षणिक प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। यह भव्य सम्मान समारोह स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय नवाचारी शिक्षा रत्न सम्मान सह राष्ट्रीय शैक्षणिक सम्प्रवाह 2025-26 कार्यक्रम के दौरान संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए लगभग 160 नवाचारी शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। देवेन्द्र कुमार साहू, जो ग्राम टाटा के मूल निवासी हैं, ने विशेष रूप से विज्ञान शिक्षा को सरल और रोचक बनाने के लिए प्रयोग आधारित गतिविधियों को अपनाया है। उनके इन प्रयासों से विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और व्यवहारिक समझ का उल्लेखनीय विकास हुआ है।

## सरपंच यामिनी यादव ने पंचायत सशक्तीकरण पर रखा जोर

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर मुड़पार में विशेष ग्राम सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

विशेष ग्राम सभा का आयोजनः डॉ. अंबेडकर के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ कार्यक्रमों का आगाज मुड़पार। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत मुड़पार में विशेष ग्राम सभा का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारतीय संविधान के शिल्पी भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पूजा-अर्चना और माल्यार्पण के साथ हुई।

सरपंच और अधिकारियों ने साझा किए विचार ग्राम सभा की अध्यक्षता कर रहीं सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए पंचायती राज के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पंचायतों के सशक्त होने से ही लोकतंत्र मजबूत होता है। कार्यक्रम में सचिव सरिता वर्मा, कृषि विस्तार अधिकारी करुणा टिकरिहा और वाटरशेड विभाग से चंद्रप्रभा साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं और जल संरक्षण की बारीकियों से अवगत कराया।

जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की रही गौरवमयी उपस्थिति इस विशेष आयोजन में पंचायत के पंचगण मोना वर्मा, अनिल कुर्रे और अजय वर्मा ने भी सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीणों का विशेष योगदान रहा, जिनमें प्रमुख रूप से प्रमोद कुर्मी, कमलेश यदु, हेमनारायण, ईश्वर, हेमंत, बिसहत, शिव कुर्रे, विजय वर्मा, श्यामलाल, मोहित, रामेश्वर धिवर, नेतु बारले, तुलेन्द्र, कोमल, धीरज, रोशन, प्रेम वर्मा, हरिशंकर, धर्मेंद्र, भागवत धिवर एवं टाकू, लता वर्मा, रुबीना खान, आशा सोनी, लक्ष्मी धीवर, उत्तरा, सेवती और दुलारी। कार्यक्रम के दौरान गांव के कोतवाल टापलाल देवांगन भी उपस्थित रहे। सभा के अंत में ग्राम विकास के संकल्प कार्यक्रम का समापन हुआ। सरपंच यामिनी टिकेश्वर यादव ने सभी उपस्थित ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए गांव की प्रगति में सहभागी बनने की अपील की।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411